प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 23.11.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-थाना बिलारी पुलिस द्वारा चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 07.09.2024 को वादी मेंहदी हसन पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम थांवला थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा वादी के घर से चोरी करने के सम्बन्ध में थाना बिलारी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना बिलारी पर मु0अ0सं0-585/2024 धारा-305 बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांक 22.11.2024 की रात्रि को थाना बिलारी पुलिस द्वारा चोरी करने के आरोपी अतीक उर्फ लम्बू पुत्र जमील निवासी ग्राम थाँवला थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया,अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

अतीक उर्फ लम्बू पुत्र जमील निवासी ग्राम थाँवला थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद

आपराधिक इतिहास-

1-मु0अ0स0 धारा 380/457/ भादवि थाना बिलारी
2-मु0अ0स0 180/14 धारा 25 आर्म्स एक्ट
3-मु0अ0स0 152/2015 धारा 307 भादवि
4-मु0अ0स0 200/15 धारा 380/457 भादवि
5-मु0अ0स0 338/2014 धारा 394 भादवि
6-मु0अ0स0 340/2014 धारा 307 भादवि
7-मु0अ0स0 276/2015 धारा 25 आर्म्स एक्ट
8-मु0अ0स0 89/2024 धारा 272 भादवि व 60(1) आ0 अधि0
9-मु0अ0स0 289/2012 धारा 307 भादवि
10-मु0अ0स0 585/2024 धारा 305 बीएनएस थाना बिलारी मुरादाबाद

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 ओमपाल सिंह

का0 विशाल कुमार, का0 अतुल कुमार थाना बिलारी मुरादाबाद

2-जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 06 आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 23.11.2024 को **थाना कटघर पुलिस द्वारा** अभियुक्त 1-राजेन्द्र पुत्र किशनलाल सैनी निवासी रामनगर मझरा थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 2-राजा पुत्र नत्थूलाल निवासी अजीतपुर थाना सिविल लाईन्स जनपद रामपुर तथा **थाना कांठ पुलिस** द्वारा अभियुक्त अमन कुमार पुत्र श्री राजवीर सिंह निवासी ग्राम बेगमपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद तथा **थाना गलशहीद पुलिस** द्वारा 1-अमित पुत्र राजू नि0 निकट शिव मन्दिर हरथला डालचन्द मैम्बर वाली गली थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद, 2-आकाश पुत्र बलबीर नि0 निकट शिव मन्दिर हरथला डालचन्द मैम्बर वाली गली थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद 3-अरुण पुत्र पप्पू नि0 मानपुर नारायणपुर लाईनपार थाना मझौला जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।